कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

/प्रेस विज्ञप्ति/ संशोधित

महाराजा अग्रसेन मेरिट अवार्ड से सम्मानित हुई कन्या महाविद्यालय की छात्राऐं

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग की 05 मेधावी छात्राओं को अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्रवाल समाज द्वारा वरिष्ठ सदस्य श्री विजय अग्रवाल के सौजन्य से प्रतिवर्ष 05 मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया जाता है। यह सम्मान माता माधवी देवी की स्मृति में 5100/– नगद तथा प्रतीक चिन्ह के रूप दिया जाता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने छात्राओं को बधाई देते हुए अग्रवाल समाज को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा के क्षेत्र में अग्रवाल समाज का प्रोत्साहन अनुकरणीय है। अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के समय भी 100 बालिकाओं का प्रवेश शुल्क प्रदान किया जाता है। ट्रस्ट की इस पहल से बहुत सी छात्राऐं नियमित अध्ययन कर पाती हैं।

इस वर्ष सम्मानित होने वाली छात्राओं में कु0 रिया बारले (बी0 ए0 अंतिम वर्ष), कु0 दामिनी देवांगन (बी0 कॉम0 अंतिम वर्ष), कु0 निकिता गुप्ता (बी0 एस–सी0 गृहविज्ञान अंतिम वर्ष), कु0 प्राची साहू (बी0 एस–सी0 गणित) को प्राविण्य सूची में स्थान प्राप्त करने तथा कु0 पूजा चेलक को महाविद्यालय की उत्कृष्ट छात्रा के रूप में सम्मानित किया गया है। अग्रवाल समाज के संरक्षक श्री विजय अग्रवाल, श्री सुधीर अग्रवाल एवं श्री कैलाश रूंगटा ने इस छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए पूरे महाविद्यालय परिवार को बधाई दी है।

टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।
संशोधित समाचार ग्राहय करें।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)